Headline: TDI raises Rs. 110 crores through realty fund

TDI ने रियल्टी फंड से ₹110 करोड़ जुटाए

[पीटीआई *नई दिल्ली*]

रियल्टी कंपनी टीडीआई इंफ्रास्ट्रक्चर ने हरियाणा के कुंडली में 29 एकड़ के हाउसिंग प्रोजेक्ट के डेवलपमेंट के लिए प्राइवेट इक्विटी फर्म कोटक रियल्टी फंड से 110 करोड़ रुपए जुटाए हैं। कंपनी के एमडी कमल तनेजा ने संवाददाताओं से कहा, 'हम सोनीपत के कुंडली में 1250 एकड़ की इंटीग्रेटेड टाउनशिप में 29 एकड़ का ग्रुप हाउसिंग प्रोजेक्ट बना रहे हैं। इस प्रोजेक्ट में कोटक रियल्टी फंड ने 110 करोड़ रुपए का इनवेस्टमेंट किया है।' उन्होंने यह नहीं बताया कि कोटक को ग्रुप हाउसिंग प्रोजेक्ट में कितना शेयर दिया गया है।

तनेजा ने बताया कि प्रोजेक्ट अगले महीने लॉन्च होगा और 4,000 रुपए प्रति वर्ग फुट के हिसाब से बेचा जाएगा। उन्होंने कहा, 'यह हमारे रियल्टी प्रोजेक्ट्स की पहली प्राइवेट इक्विटी फंडिंग है।' उन्होंने बताया कि इस प्रोजेक्ट को लंदन की आर्किटेक्ट एचओके डिजाइन करेगी। तनेजा ने कहा कि टाउनशिप में कंपनी 1800 अपार्टमेंट्स पहले ही डिलीवर कर चुकी है और बाकी 1200 फ्लैट्स का पजेशन इस साल के अंत तक दे दिया जाएगा। टीडीआई टाउनशिप में स्कूल, 150 बेड का हॉस्पिटल और शॉपिंग मॉल बना रही है। कंपनी के प्रोजेक्ट्स कुंडली के अलावा चंडीगढ़, पानीपत, मोहाली, जालंधर, मुरादाबाद और आगरा में हैं।